आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 30.11.2024

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक आशा नौटियाल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं।
- उत्तराखंड से सांसद नरेश बंसल को राज्यसभा संचालन की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी का सदस्य बनाया गया है।
- और कोटद्वार भाबर क्षेत्र के लछमनपुर कण्वघाटी में 50 बेड के आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

शपथ

केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक आशा नौटियाल ने आज पद की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूड़ी भूषण उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र की जनता के विश्वास को भाजपा कायम रखेगी और क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करेगी।
गौरतलब है कि हाल ही में केदारनाथ सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा की आशा नौटियाल ने जीत दर्ज की थी। यह सीट शैलारानी रावत के निधन के कारण खाली हुई थी।

सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिन के इस सम्मेलन का कल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया। श्री मोदी कल भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे।

सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद से मुकाबला, तटीय सुरक्षा, साइबर अपराध, नए आपराधिक कानून और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

डेटा सुरक्षा

राज्य के स्टेट डेटा सेंटर को बेहतर ढंग से संचालित करने और उसकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हाल ही में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी की निदेशक नितिका खंडेलवाल ने बताया कि इसका उद्देश्य डेटा सुरक्षा और उसे सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक उपायों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय में डेटा सेंटर के संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न नीतियों का पुनरावलोकन किया और उन्हें वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित किया है। विशेष रूप से डेटा बैकअप और रिकवरी पॉलिसी को संशोधित किया गया है, ताकि डेटा की निरंतरता बनाए रखने के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देशों का पालन किया जा सके और किसी भी प्रकार की हानि, उपकरण विफलता या आपदा की स्थिति में डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 66 करोड़ बारह लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि की सहायता से प्रदेश में सड़क मार्गों को सुरक्षित यातायात के लिए और बेहतर बनाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के दृष्टिगत सभी ज़िलों के लिए एक करोड़ पैंतीस लाख रुपए की धनराशि भी स्वीकृत की है। इस धनराशि से शीतलहरी के बचाव के लिए अलाव जलाने और कम्बल वितरण की व्यवस्था की जाएगी।

अधिकारी नामित

हरिद्वार जिले में महिला एवं बाल पोषण योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना और गेहूं आधारित पोषाहार कार्यक्रम के तहत दिए जा रहे राशन की मात्रा और उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए 22 अधिकारियों को नामित किया गया है। इन योजनाओं के तहत दिए जा रहे राशन की मात्रा और गुणवत्ता के संबंध में शिकायतें मिलने के बाद मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने इन अधिकारियों को नामित किया। ये अधिकारी महिला एवं बाल पोषण योजना के अन्तर्गत अंडा, केला, चिप्स और खजूर तथा आंचल अमृत योजना के तहत दुग्ध चूर्ण और गेहूं आधारित पोषाहार कार्यक्रम के तहत गेहूं और चावल की मात्रा और गुणवत्ता की जांच करेंगे।

<u>सदस्य मनोनीत</u>

उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय सह–कोषाध्यक्ष डॉ. नरेश बंसल को राज्यसभा संचालन की सबसे महत्वपूर्ण बिजनेस एडवाइजरी कमेटी का सदस्य बनाया गया है। राज्यसभा के सभापति व उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड ने इस कमेटी का गठन किया है। राज्यसभा सभापति इस समिति के अध्यक्ष है और विभिन्न दलों के 10 सांसदों को मनोनीत किया गया है। यह समिति राज्यसभा के कामकाज निर्धारण, चर्चा के समय सिफारिश और सदन में बहस के लिए विषयों का सुझाव देती है।

<u>आयुर्वेदिक अस्पताल निर्माण</u>

कोटद्वार भाबर क्षेत्र के लछमनपुर कण्वघाटी में 50 बेड के आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण कार्य चल रहा है। सरकार ने अस्पताल के पांच मंजिला भवन निर्माण के लिए 17 करोड़ रुपए की धनराशि भी मंजूर की है। निर्माणाधीन आयुर्वेदिक अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ. जयदीप बिष्ट ने बताया कि अगले साल तक अस्पताल भवन बनकर तैयार होने की उम्मीद है। आयुर्वेदिक अस्पताल बनने से आमजन को काफी लाभ मिलेगा क्योंकि इस अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त उपकरणों  से उपचार किया जाएगा। इस आयुर्वेदिक अस्पताल के बनने से क्षेत्रीय जनता में खुशी हैं। वहीं क्षेत्रीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि लोग अब इलाज के लिए आयुर्वेदिक पद्धति को अपना रहे हैं। ऐसे में ये अस्पताल क्षेत्रवासियों और पर्वतीय इलाकों के लोगों के लिए लाभदायक साबित होगा।

<u>सरस मेला आयोजन</u>

नैनीताल जिले में हल्द्वानी के एम.बी इन्टर कालेज मैदान में आगामी 25 दिसम्बर से 3 जनवरी तक सरस मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला राष्ट्रीय आजीविका मिशन के ग्रामीण विकास मंत्रालय और उत्तराखण्ड ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि मेला संचालन के लिए एक समिति का गठन करने के अलावा नोडल अधिकारियों का चयन कर लिया गया है। दस दिवसीय मेले में लोक संस्कृति का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा। उत्तराखंड के व्यंजनों और परिधान के स्टालों के अलावा स्वयं सहायता समूहों और विभागीय स्टाल भी लगाए जाएंगे और हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

<u>बूढ़ी दीवाली</u>

पहाड़ों की रानी मसूरी में बूढ़ी दीवाली (बग्वाल) का पर्व इस वर्ष भी_धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जौनपुर, जौनसार और रवाईं क्षेत्र के निवासियों की संस्था अगलाड़ यमुनाघाटी विकास मंच मसूरी के तत्वावधान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन मसूरी के कैम्पटी रोड पर स्थित पुराने चकराता टोल चौकी के समीप हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत डिबसा पूजन और होलियात के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वस्त्रों में सजे हुए थे, जो उत्सव की रंगत को और बढ़ा रहे थे। इसके बाद, रासो तांदी और धुमसू जैसे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही, भिरूड़ी फेंकी गई और चिउड़ा बांटा गया, जो इस अवसर की एक महत्वपूर्ण परंपरा थी।